# 8. सर्वनाम

वाक्यों में संज्ञा शब्दों की पुनरावृत्ति भाषा को दुरूह तथा बोझिल बनाती है। साथ ही भाषा की सुंदरता को भी नष्ट करती है। भाषा की इस बोझिलता को दूर करने के लिए भाषा में सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किया जाता है। सर्वनामों द्वारा न केवल भाषा सुंदर बनती है बल्कि सरल भी बन जाती है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका सर्वप्रथम पाठ पृष्ठ 44 पर दिए चित्र के वाक्यों को पढ़ें। फिर बच्चों से पूछें, इन वाक्यों में क्या अटपटा लग रहा है।
- ❖ तदुपरांत सही वाक्यों को पढ़ें। फिर बच्चों से पहले और दूसरे वाक्यों के अंतर को जानें।
- ❖ बच्चों से पूछने या जानने के बाद उन्हें बताएँ कि पहले वाक्यों में संज्ञा शब्दों की बार-बार आवृत्ति हुई है, जिससे वाक्य अटपटे और बोझिल हो गए हैं। पर दूसरे वाक्यों में संज्ञा शब्दों के स्थान पर सर्वनामों का प्रयोग हुआ है, जिससे वाक्य सरल तथा सुंदर हो गए हैं।
- ❖ सर्वनाम की परिभाषा बच्चों को याद करवाएँ तथा सर्वनाम शब्दों के उदाहरण– मैं, तुम, यह, वह, आप, उसे, कोई, कौन आदि भी बताएँ।
- ❖ समझाएँ, ये सर्वनाम कहाँ-कहाँ प्रयोग होते हैं। इसके लिए कक्षा में तीन-चार बच्चों को खड़ा करके कोई बातचीत करवाकर भी समझाया जा सकता है।
- ❖ सभी बच्चों का ध्यान केंद्रित करने के लिए बीच-बीच में प्रश्न पूछें।
- ❖ बच्चों द्वारा किया पाठ अभ्यास जाँचें तथा यथासंभव सहायता करें।